हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 28.2 डिग्री

4

प्रदेश की नई सरकार ने दो दर्जन बंद योजनाओं की शेष राशि वापस मंगवाई



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## खबर संक्षेप

### राहुल गांधी के बयान का बजरंग दल नेता ने किया विरोध

**जशपुरनगर।** बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राजकुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा राहुल गांधी द्वारा संसद में पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा राहुल गांधी ने देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को भारत की परंपरा और हिंदुओं की संस्कृति की कोई जानकारी नहीं है। उनके इस बयान से पूरा देश क्षुब्ध है। कांग्रेस की हिंदुओं के प्रति यह नफ़रत बंद होनी चाहिए। अपनें इस वक्तव्य के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पूरे देश से माफी मांगें। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने राहुल गांधी की मानसिकता का विरोध करते हुए कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। संविधान में किसी धर्म पर टिप्पणी नहीं की जा सकती है श्री जूदेव ने कहा – राहुल गांधी का हिन्दुओं को अपमान माफ़ी योग्य नहीं है, शोर-शराबा कर के इतने बड़े मुद्दे को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के नेता ने कहा है कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं वो हिंसा करते हैं। इस देश में करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वो सभी हिंसा करते हैं?उन्होंने कहा कि हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना, इस सदन में और वो भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा गलत है!

### अग्नि शमन के लिए आबंटित भूमि अतिक्रमण मुक्त



**जशपुरनगर।** बालाछापर में अग्नि शमन सेवाओं के लिए भूमि विभाग के नाम पर आबंटित की गई थी। जिस पर बलपूर्वक कब्जा करते हुए भूमि को तार की जाली के द्वारा घेरा लगा कर एवं ईंट का मकान निर्मित कर अतिक्रमण किया गया था। उक्त भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण विभाग के पास फायर स्टेशन के निर्माण हेतु बजट आबंटन आने के बाद भी आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा सका था, इस वजह से जिले में अग्नि शमन संबंधी आपातकालीन सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना थी। मौके पर उपस्थित राजस्व अमले ने भूमि एवं निर्मित मकान को तुरंत रिक्त कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### जिले में 1 जून से अब 122.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 122.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 02 जुलाई तक औसत वर्षा 178.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 30.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 57.6 मिमी, मनोरा में 173.2 मिमी, कुनकुरी में 131.9 मिमी, दुलदुला में 136.8 मिमी, फरसाबहार में 77.3 मिमी, बगीचा में 200.6 मिमी, कांसाबेल में 148.8 मिमी, पत्थलगॉव में 102.0 मिमी, सन्ना में 153.3 मिमी एवं बागबहार में 39.5 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

विभाग को सूचना देने के बाद भी नहीं हटाया गया पेड़

# लगातार हो रही बारिश से गिरा पेड़ चराईडांड़ बगीचा मार्ग घंटों बाधित



सड़क पर गिरा पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार झमाझम बारिश का दौर मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। ऐसे में गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को सुकून तो मिला है। वहीं किसान भी लगातार हो रही बारिश से खुश हैं।

नारायणपुर बगीचा मार्ग सरबकोम्बो कुहापानी के पास मंगलवार की सुबह पेड़ गिर जाने से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। गनीमत यह रहा कि पेड़ गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ। लगातार हो रही बारिश में मंगलवार को हो रही बारिश के दौरान सड़क किनारे लगा भारी पेड़ बीच सड़क पर गिर गया। इसमें घंटों इस मार्ग से आवागमन बाधित रहा। संयोग अच्छा रहा कि पेड़ गिरने से कोई राहगीर या आसपास के लोग हताहत नहीं हुए। सड़क के बीच में गिरने के कारण आवागमन बाधित हो गया। सुबह से गिरा यह पेड़ को हटाने की जहमत किसी ने न समझी। सड़क पर पेड़ गिरने से दो पहिया वाहनो के लिए भी अगल बगल से आवागमन मुश्किल हो गया। इसी दौरान कुछ ट्रक भी आ गए और जाम में फंस गए। उनके सामने खेत में से उतरकर जाने का विकल्प नहीं था। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को सूचना दे दी गई है समाचार लिखे जाने तक सड़क से पेड़ नही हटाया गया था जिससे आवागमन शुरु नही हुआ था।

## मानसून हुआ मेहरबान, किसानों के चेहरे खिले, मौसम हुआ सुहाना

लंबे इंतजार के बाद मौसम ने अंगड़ाई ली और मानसून से जिले में दस्तक दी है। जून बितते- बितते आखिरी दिन रविवार को दोपहर से हल्की फुहारों का दौर शुरू हुआ जो लगातार तीन दिन यानी मंगलवार को भी जारी रहा।

मौसम के बदले इस मिजाज से किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली है। लगातार हो रही बारिश से शहर का तापमान 28 डिग्री पहुंच गया है जिससे मौसम सुहाना हो गया है। बीते तीन दिनों में पूरे जिले में 32.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। जबकि 28 जून तक की स्तिथि में 67.7 मिली मीटर ही बारिश हुई थी। 1 जुलाई की स्तिथि में जिले में 100.3 मिली मीटर वर्षा हो चुकी है। 30 जून को जिले में 18.2 मिलीमीटर और 1 जुलाई को 14.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले के बगीचा और सन्ना छेत्र में तेज बारिश होने के कारण इस छेत्र के नदी नालों में पानी उफन पर है। वही जिले के अन्य इलाकों जशपुर, कुनकुरी, फरसाबहार, दुलदुला, तपकरा, पत्थलगांव क्षेत्र में हल्की बारिश या फुहार के कारण खेतो में पानी नहीं भर सका है जिससे खरीफ की फसल के लिए किसानो को अभी भी बारिश का इंतजार करना होगा। मौसम विज्ञानियों की माने तो अभी लगातार बारिश होने की संभावना है।

### 1 जुलाई की स्तिथि में जिले में बारिश

| | |
|---|---|
| जशपुर | 47.6 मिलीमीटर |
| दुलदुला | 44.3 मिलीमीटर |
| पत्थलगांव | 6.2 मिलीमीटर |
| फरसाबहार | 58.6 मिलीमीटर |
| कुनकुरी | 101.9 मिलीमीटर |
| कांसाबेल | 103.3 मिलीमीटर |
| मनोरा | 167.6 मिलीमीटर |
| सन्ना | 139.8 मिलीमीटर |
| बगीचा | 177.6 मिलीमीटर |





राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

कलेक्टर डा.रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

बैठक में अविवादित बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन, डायवर्सन, नक्शा बटांकन, भू अर्जन, पीड़ित क्षतिपूर्ति, आरबीसी 6_4 सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की और लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में प्रगति लाने के लिए पटवारी को लक्ष्य निर्धारित कर लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्कूलों का समय-समय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कानून व्यवस्था के प्रति हमेशा अलर्ट रहकर सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कैलेंडर बनाने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम सहित राजस्व विभाग की कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली जनपद सीईओ की बैठक

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जनपद सीईओ की बैठक ली। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्राथमिकता के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन,पीएम आवास कोऑर्डिनेटर सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। उन्होंने ऐसे हितग्राही जो पीएम आवास के पैसे गबन किए है उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेट, सशक्त जशपुर, जनमन, पीएम आवास की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नरेगा द्वारा स्वीकृत कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## हनुमान मंदिर निर्माण के लिए विधायक ने दिए 5 लाख



भूमि पूजन में उपस्थित विधायक रायमुनि भगत।

■ मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए और 5 लाख देने की घोषणा

**जशपुरनगर।** चुनाव पूर्व जनता से किए गए अपने वायदे को विधायक श्रीमती रायमुनि भगत पूरा कर जनता का दिल जीत रही हैं।

इस क्रम में जशपुर विधायक ने बाधरकोना में ग्रामीणों से मंदिर निर्माण के संबंध में किए वायदा पूर्ण करती हुई निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देकर भूमि पूजन किया। विधानसभा चुनाव के पूर्व श्रीमती रायमुनि भगत ने बाधरकोना में ग्रामीणों से वायदा किया था,कि विधायक बनते ही यहां मंदिर का निर्माण कराएंगी। विधायक बनते ही उक्त वायदे पर खरा उतरते उन्होंने श्री हनुमान जी की मंदिर के निर्माण हेतु 5 लाख रुपए दिए। जिसका आज विधिवत भूमि पूजन किया गया। ग्रामीणों को अपने संबोधन में श्रीमती भगत ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह पूरा करती है। भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की हर गारंटी को पूरा किया है और विकास की गति तेज की है, इसी प्रकार ग्रामीणों से किए गए मंदिर निर्माण का वायदा भी अब पूरा हुआ है, मंदिर निर्माण के बाद इसके सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपए अतिरिक्त देने का भी घोषणा श्रीमती भगत ने ग्रामीणों से की। घोषणा और भूमिपूजन से ग्राम पंचायत बाधरकोना के ग्रामीण काफी प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर कृपाशंकर भगत, श्रीमती रजनी प्रधान, सावित्री निकुंज, आशुतोष राय, दीपू मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**जशपुरनगर।** माननीय उच्चतम न्यायालय में 13 जुलाई 2024 को पूर छग के समस्त न्यायालय में "नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत सम्पूर्ण देश के साथ-साथ जिला जशपुर में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में राजीनामा योग्य करणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता कर लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से बैंक से संबंधित समस्त प्री लिटिगेशन के प्रकरण, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल, न्यायालय में लंबित अपराधिक प्रकरण एवं मोटर दुर्घटना एमएसी टी, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व के प्रकरण सहित समस्त समरी प्रकरणों को उक्त नेशलन लोक अदालत में निराकरण किया जाना है।

## प्रेमिका ने की आत्महत्या, प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

■ शादी करने की बात पर दोनों में हुआ था विवाद

प्रेमिका को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घोलेंग का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जून की दोपहर लगभग 12 बजे से 12.40 बजे के बीच बलरामपुर जिले की निवासी 24 वर्षीय युवती सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोलेंग स्थित एक मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती विगत एक वर्ष से घोलेंग में किराये के मकान में रहकर बिहान विभाग में पीआरपी का कार्य कर रही थी। पुलिस द्वारा मर्ग जांच उपरांत गवाहों के कथन एवं प्रकरण के संदेही अल्ताफ खान एवं मृतिका के मोबाईल का सीडीआर प्राप्त कर उसका अवलोकन एवं विश्लेषण किया गया। महिला से संबंधित संवेदनशील अपराधिक घटना होने पर एसपी जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी को सभी पहलुओं की बारिकी से विवेचना करने एवं आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। विवेचना के दौरान प्रकरण के संदेही अल्ताफ खान को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसके निवास से अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि मृतिका से उसका विगत दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, दोनों एक-दूसरे से मोबाईल से बाचतीच किया करते थे, मृतिका के घोलेंग में निवास करने के दौरान वह आना-जाना भी करता था। 18 जून को वह मृतिका के किराये के मकान घोलेंग में आकर रूका था। 22 जून को वह मृतिका को अपने साथ लेकर उसे कंदरई तक छोड़ा एवं 24 जून को उसने मृतिका को उसके स्कूटी में बैठाकर वापस घोलेंग लेकर आया था। जहां पर दोनों के मध्य शादी करने की बात को लेकर विवाद हुआ एवं उसने मृतिका से शादी करने से इंकार किया। इसी बात से नाराज होकर मृतिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अल्ताफ खान ⏭ शेष पेज 4 पर

## पार्षद राधेश्याम राम बने नगरपालिका के कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शहर के वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राधेश्याम राम नगरपालिका परिषद जशपुर के कार्यकारी अध्यक्ष होगें। भारतीय जनता पार्टी ने पालिका अध्यक्ष के रूप में उनके नाम पर मुहर लगा दी है।

जानकारी देते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने बताया कि राधेश्याम राम का नाम सर्वसम्मति से फाइनल किया गया है। उन्होनें बताया कि राधेश्याम,गरीब किसान का आदिवासी बेटा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों को नेतृत्व का अवसर दिया है। उन्होनें विश्वास व्यक्त किया राधेश्याम राम के नेतृत्व में जशपुर शहर का तेजी से विकास होगा। उल्लेखनिय है कि 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में नगरपालिका परिषद जशपुर में 20 में 17 सीट जीत कर भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। इसके बाद पार्षदों ने नरेश चंद्र साय को नगर पालिका अध्यक्ष चुना था। लंबी बीमारी के बाद गत दिनों उनका निधन हो गया था। इसके बाद से ही शहरवासियों को नगर सरकार के नए प्रमुख का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

जानकारी के लिए बता दें कि इसी साल के आखिर में नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होना है। इससे पहले शहर के विकास के लिए तैयार योजनाओं पर नगर सरकार को निर्णय करना है। राधेश्याम राम के नगर पालिका अध्यक्ष बनने पर जशपुर की विधायक रायमुनि भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, छग पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार राय,नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव,पालिका के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,नरेश नंदे,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष रजनी प्रधान, नीतिन राय सहित पालिका के भाजपा के पार्षदों,पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

अच्छा नागरिक बनकर मम्मी पापा का रोशन करें नाम

# दास डूमर टोली में मनाया गया विद्यालय प्रवेश उत्सव



बच्चों को कॉपी पुस्तक आबंटित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ प्रवेश के दौरान बच्चों को किताब पेंसिल व कॉपी आबंटित

शासकीय प्राथमिक शाला दासडुमरटोली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययन करने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों का प्रथम विद्यालय आगमन पर चंदन लगाने के बाद आरती उतार कर स्वागत किया गया।

विद्यालय प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि क्षेत्र के बीडीसी राजकपूर (रामू) विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत बघिमा ग्राम दासदुमरटोली के वार्ड क्रमांक 5 के पंच, श्रीमती सुशीला देवी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल समन्वयक एनजे लकड़ा, संकूल ज्योति निवास रोड, जशपुर -2, एवम प्राथमिक शाला दास डूमरटोली की प्रधानपाठिका श्रीमती फिरदोश खानम, सहायक शिक्षक अभिषेक अंबस्ट, मुकेश कुमार, तथा विद्यालय के सभी टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ, विद्यार्थियों एवम ग्राम के प्रमुख सज्जनों, विद्यालय के पूर्व छात्र छात्रा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ आरंभ हुई, जो इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती फिरदौस खानम एवम विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं, ने मुख्य अतिथि राजकपूर भगत (रामू) श्रीमती सुशीला देवी, जेएल लकड़ा अभिभावकों एवम नौनिहालों द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विद्यार्थियों ने (स्वयं से बनाया हुआ पुष्पगुच्छ) सभी सज्जनों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती फिरदौस खानम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों का मुख्य अतिथि के द्वारा तिलक चंदन लगाकर, पाठ्यपुस्तक एवम गणवेश देकर विद्यालय में उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि राजकपूर भगत (रामू) ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने आशीर्वचन में कहा की हमें आज के पीढ़ी के अनुसार 21 वीं सदी की योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करना है और पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनकर अच्छे अच्छे नौकरी में जाकर मम्मी पापा का नाम रोशन करें। ⏭ शेष पेज 4 पर



पौधरोपण करते अतिथि।

## नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश



बच्चों के साथ विधायक रायमुनि भगत।

■ बरगांव में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुईं विधायक रायमुनि

बरगांव में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक श्रीमती रायमुनि भगत शामिल हुईं। यहां विधायक ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा का महत्व बताते हुए सभी बच्चों को मन लगा पढ़ाई करने प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### ग्राम करतमा के विदित का सैनिक स्कूल के लिए हुआ चयन



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत करतमा पहाडगांव निवासी गोपाल सिंह के बड़े पुत्र विदित सिंह का चयन अंबिकापुर सैनिक स्कूल में हुआ है। उससे पहले हाल ही में सूरजपुर के जवाहर नवोदय विद्यालय के परीक्षा में भी छात्र विदित ने सफलता प्राप्त की थी। बता दें कि छात्र विदित सिंह विकासखंड रामानुजनगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भूवनेश्वरपुर में अध्यनरत था। छात्र विदित सिंह ने पहले जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले एवं विकासखंड दोनों का नाम रोशन किया है। इसी दौरान विदित सिंह ने सैनिक स्कूल अंबिकापुर के चयन परीक्षा में भी सफल हुआ है। छात्र विदित के पिता गोपाल सिंह वर्तमान में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं और माता वर्षा सिंह शासकीय माध्यमिक शाला रामानुजनगर में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। छात्र विदित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के अलावे माता पिता व दादी नानी को दिया है।

### बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में समर कैंप का किया गया समापन



**बिश्रामपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के परिपालन में क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह मे भी समर कैंप आयोजित किया गया। आयोजित समर कैंप के बारे में संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया गया कि बच्चों ने योगा, खेलकूद, टेराकोटा, पेंटिंग सहित शैक्षिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विदित हो कि समर कैंप मे योगा सिखाने गये बच्चों में से चार बच्चों ने संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित होने में सफल रहे ,वहीं दो बच्चों ने राज्यस्तरीय योगा ओलंपियाड में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करने में सफलता अर्जित की। संस्था के समर कैंप में बच्चों को खेलकूद अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, दौड़, कैरम तथा शतरंज के गुर सिखाया गया तो वहीं टेराकोटा तथा पेंटिंग्स का प्रशिक्षण रामानुजनगर विकासखंड के शास पूर्व माध्यमिक शाला दवना के शिक्षक व कुशल प्रशिक्षक नंदकुमार सिंह की देखरेख में सिखाया गया। बच्चों को टेराकोटा अंतर्गत मिट्टी का चयन करना व उसे तैयार करना, मिट्टी से मछली, आम, अमरूद, बत्तख, कलश, गणेश जी, हाथी मुख, गुलदान बनाना सिखाया गया।भीषणगर्मी और बच्चों की स्वास्थ्य गत आने वाली समस्या को देखते हुए शासन स्तर से समस्त समर कैंप को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है, जिसके परिपालन मे संस्था में आयोजित समर कैंप का समापन किया गया।

### जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**सूरजपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल एवं सहायक संचालक रविन्द्र सिंह देव के मार्गदर्शन तथा सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा शोभनाथ चौबे के समन्वय से जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रविन्द्र कुमार सिंह देव सहायक संचालक शिक्षा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प अर्पित किया। श्री सिंहदेव ने आज के परिपेक्ष में जल और वायु की जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए जल और वायु दोनो को संरक्षित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में विकासखण्डों से 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी अपने-अपने विकासखण्डों में जाकर माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययन करने वाले शिक्षकों को यूथ एवं इको क्लब के बारे में प्रशिक्षित करेंगें।

### राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सुनैना ने जीता कांस्य पदक

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा फौल आनंदम की खिलाड़ी सुनैना यादव ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। बता दें कि महाराष्ट्र के पुणे स्थित श्री शिव छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय चिल्ड्रन एंड कैडेट किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता रखी गई थी। 22 से 26 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 57 खिलाड़ियों समेत 27 राज्यों से लगभग 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सुरगुजा जिला से 6 खिलाड़ियों समेत 2 कोच भी सम्मिलत हुए। प्रतियोगिता के दौरान सुनैना यादव आ. प्रमोद यादव ने पहली बार में ही कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही सत्या यादव, शौर्य नायक, वैभव नायक, गोलू प्रसाद, सिद्धांश अग्रवाल ने भी कोच सर्वर एक्का व लकी ठाकुर के नेतृत्व में बेहतर प्रदर्शन किया। सुरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष दीकप सूर्यवंशी, फौलानंदम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के डायरेक्टर अतुल मेहता, श्रीमती रेखा मेहता, नितिन श्रीवास्तव, अविनाश मुंडा, श्रीमती वर्षा गुप्ता, खेलावन दास, स्वाति राजवाड़े, विनय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दीपक प्रजापति, प्रत्युषत पांडेय ने सभी खिलाडियों उत्साहवर्धन किया है।

---

दो दिनों तक रहेगी राहत

# धूप-छांव के बीच चला तेज अंधड़ तापमान में 2 डिग्री की गिरावट



आंधी से छप्परविहीन घर।



पेड़ के नीचे बिखरे आम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के बीच दो दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण दिन के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इधर मौसम विज्ञानी देर रात तक उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में आगामी दो दिनों तक गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। इस बार प्रारम्भ से ही नौतपा अपना असर दिखा रहा है। पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है।

**खास बात**
- विक्षोभ की सक्रियता से मौसम होगा बदलाव

पिछले दो दिनों से पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद शाम में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ जा रहा है। जिससे गर्मी से कुछ राहत मिल रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से तापमान में आंशिक गिरावट होने का क्रम जारी है। दो दिनों में दिन के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है रात के तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को रात का तापमान 28.4 डिग्री एवं दिन का तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार की शाम आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई तथा पूरी रात तेज रफ्तार हवाएं चली। शनिवार को सुबह 9 बजे तक आसमान पर घने बादल छाए रहे। पूरे दिन धूप-छांव के बीच अपराह्न 3 बजे घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चला। कुछ क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बारिश होने की भी सूचना है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट के अनुसार भीषण गर्मी के कारण गरजने वाले घने बादल बन रहे हैं वही नीचे की हवा गर्म होकर ऊपर जाकर अनुकूल परिस्थिति में बवंडर का रूप धारण कर रही है। यह बदलाव शुक्रवार को कुछ क्षेत्रों में हुई वर्षा से ठंडी एवं गर्म हवा के आपस में टकराने के कारण हो रहा है।

### विक्षोभ से मिलेगी राहत

उत्तर भारत में 30 मई को सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा शनिवार को देर रात तक इसके सरगुजा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने के कारण पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की गर्म हवाओं का प्रवाह थम गया है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिनों तक तापमान में गिरावट होने एवं गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से पश्चिमोत्तर की गर्म हवाओं का प्रवाह शुरू होने एवं भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी 10 जून से मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारम्भ होने एवं 12 से 15 जून के मध्य मानसून के सरगुजा में दस्तक देने का अनुमान लगा रहे हैं।

# आंधी-तूफान ने मचाई तबाही दर्जनों घरों के उखड़े छप्पर

**धौरपुर।** शनिवार को आए आंधी-तूफान ने क्षेत्र ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज रफ्तार आंधी से दर्जनों घरों के छप्पर उखड़ गए हैं वहीं जगह-जगह पेड़ों की डाले टूट गई है। आंधी से आम एवं साल बीज फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। आंधी के बाद क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई जिससे गर्मी शांत हो गई है। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच शनिवार को अपराह्न आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज आंधी चलने लगी। अंधड़ इतना तेज था कि जगह-जगह ग्रामीणों के घर का छप्पर उखड़ गया तथा पेड़ों की डालें टूटकर गिरने लगी। तेज आंधी में पकने को तैयार आम पूरी तरह से झड़ गए। क्षेत्र के वनवासी साल वनों में हर साल बड़े पैमाने पर साल बीज का संग्रहण करते है। साल बीज बेचने से संग्राहकों को अच्छी आय होती है। आंधी में वनों के साल पेड़ों पर लगे बीज पूरी तरह से झड़ गए है। आंधी से घरों का छप्पर उखड़ने के कारण दर्जनों परिवार के समक्ष भीषण गर्मी में सिर छिपाने की समस्या खड़ी हो गई है। जानकार 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने का अनुमान लगा रहे है। अंधड़ थमने के बाद गरज-चमक के साथ 45 मिनट तक झमाझम वर्षा हुई। मूसलाधार बारिश होने के कारण आसपास के गड्ढे.लबालब हो गए हैं तथा गहरे खेतों में भी पानी भर गया है। बेमौसम वर्षा के बाद मौसम बदल गया है तथा भीषण गर्मी से राहत मिल गई है।

### विद्युत आपूर्ति ठप

तेज आंधी के दौरान 33 केवी विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण अपराह्न 2.30 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय सहित पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। आंधी में जगह-जगह की विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है विद्युतकर्मी क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को सुधारने के कार्य में जुटे हैं लेकिन जगह-जगह विद्युत तार टूटने के कारण रविवार को ही सुधार कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू होने की संभावना है।

# विद्युत भार कम करने के लिए स्वीकृत सब स्टेशन का निर्माण कराएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने लिखा कलेक्टर को पत्र, सरगवां में सब स्टेशन के लिए मिले थे 57 करोड़

जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कलेक्टर सरगुजा को पत्र लिख कर अम्बिकापुर शहर सहित जिले भर में हो रही बिजली की आंखमिचौली पर चिंता जाहिर की है साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बिजली की सुविधा के लिए स्वीकृति राशि का उपयोग कर सुविधा विस्तार जल्द करने के लिये भी आग्रह किया है।

जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव कलेक्टर सरगुजा को लिखे पत्र में कहा है कि लगातार समाचार पत्रों एवं सोशल मिडिया में प्रचारित एवं प्रकाशित हो रही है कि बिजली की आंखमिचौली इस प्रचण्ड गर्मी में बढ़ गई है। जिससे आमजनों को काफी दिक्कतें हो रही है। मैं आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि पूर्व सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव ने अम्बिकापुर शहर में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए नए सब स्टेशन की स्वीकृति दी थी। बताया जा रहा है कि इसके लिए जमीन का आवंटन अब तक नहीं होने से अब तक अतिरिक्त सब स्टेशन का निर्माण नहीं हो सकता है। जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव ने कई विद्युत सब स्टेशन, सब डिविजन कार्यालय, जोन कार्यालय सहित कई अन्य सुविधाओं की स्वीकृति दी थी। जिसमें से कई कार्य अब तक अधूरे हैं। जिससे आमजनों को बिजली की समस्या का सामना इस भीषण गर्मी में करना पड़ रहा है। स्वीकृत तीन सब स्टेशनों में से केवल उदयपुर ब्लॉक के सलका का कार्य जो लगभग 15 करोड़ रुपए का था वह पूर्ण हुआ है, साथ ही अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र के लिये सरगवां हेतु स्वीकृत 57 करोड़ रुपए का कार्य अब भी अपूर्ण है। बताया जा रहा है कि कार्य ही शुरू नहीं हुआ है क्योंकि जमीन नहीं मिल सकी है। वहीं लखनपुर के लिये स्वीकृत 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सब स्टेषन का कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। कलेक्टर सरगुजा को लिखे पत्र में आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने लिखा है कि पूर्ववर्ती सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव द्वारा विद्युत विस्तार एवं आमजनों की सुविधा हेतु स्वीकृत अम्बिकापुर विधानसभा सहित सरगुजा जिले के समस्त कार्यों को शिघ्र शुरू कराते हुए पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करेंगे।

### गिरने से बेहोश हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुल्हाड़ी निवासी राहुल कुमार नायरे आ. गुलाब राम नायरे एक सप्ताह पूर्व खोपा धाम में बतरा पूजा करने गया था। इसी दौरान अचानक गिरने से बेहोश हो गया। कुछ समय बाद युवक को होश आया तो परिजन उसे घर लेकर आ गए। इसी बीच युवक का तबीयत खराब होने लगा और शरीर में लाल धब्बा हो गया जिससे परिजन गांव में झाड़ फूंक कराने लगे। गत दिन युवक की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

सीतापुर निवासी बुधराम (45 वर्ष) बीती रात घर के परछी में सो रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने ग्रामीण को काट लिया। सुबह ग्रामीण ने सांप काटने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे बाइक से सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### तेज आंधी-तूफान से विद्युत पोल हुए धाराशाई



**बिश्रामपुर।** शनिवार की दोपहर अचानक मौसम में हुए बदलाव के बाद तेज आंधी की वजह से कई जगह विद्युत पोल व पेड़ धाराशाई हो गए हैं। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने की वजह से करीब दर्जन भर गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। गौरतलब है कि शनिवार की दोपहर में भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम में कुछ बदलाव आया । मौसम बदलने व तेज आंधी आने के कारण ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा में बिजली खंभा टूट गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत कल्याणपुर में लगाए गए 25 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर भी धराशाई हो गया है। तेज आंधी तूफान की वजह से रामनगर, कल्याणपुर, करवा, लटोरी समेत आसपास के इलाके में कई जगह विद्युत पोल के अलावा पेड़ भी उखड़ गए हैं। ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा निवासी साधोरन राम ने बताया कि 7 मई को आए तेज आंधी तूफान की वजह से एक विद्युत पोल टूटकर तार के सहारे लटका हुआ है, जिसका आज तक विभागीय अधिकारियों द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने की वजह से अक्सर किसी बड़ी अनहोनी का ख़तरा बना हुआ है। लोग यहां से हमेशा आते-जाते रहते हैं और दरवाजे के सामने बच्चे भी खेलते रहते हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई अप्रिय घटना यहां पर घटित हो सकती है।

### किस्मत नर्सिंग कॉलेज में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस



**रामानुजगंज।** किस्मत नर्सिंग कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन संस्था की शिक्षिका अंजुलता द्वारा किया गया। लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत डब्लूएचओ द्वारा वर्ष 1987 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। एक निष्पक्ष और स्वास्थ्य दुनिया का निर्माण इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चों द्वारा तंबाकू से होने वाली हानियों से जागरूकता का संदेश भी दिया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चों द्वारा लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास किया। स्वास्थ्य जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं भाषण के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया । कार्यक्रम अंजूलता, रवीना मिंज, संतोषी सोनवानी के उपस्थिति में किया गया।

# कबाड़ चोर सरग़ना ने सुरक्षा अधिकारी को फोन पर धमकाया, थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सात आठ खदान के बोर होल में लगे ट्रांसफार्मर की चोरी कर रहे बदमाशों को कम्पनी सुरक्षा अधिकारी सहित ड्यूटी में तैनात जवानों ने गुरुवार की रात दौड़ाया और चोरी की वारदात में शामिल एक आरोपी को पकड़कर चोरी का सामान जप्त किया, इससे नाराज कबाड़ चोरों के सरगना ने कम्पनी सुरक्षा अधिकारी को फोन के माध्यम से कॉल करते हुए रात देख लेने की धमकी दी है।

- एसईसीएल की सुरक्षा टीम ने पौवापारा मोहल्ला जाकर अवैध बिजली कनेक्शन हटाने की कार्रवाई शुरू की

घटना के बाद कम्पनी सुरक्षा अधिकारी ने मामले की सूचना बिश्रामपुर थाना में दी है।बताया गया कि 30 मई की रात कुमदा सात आठ खदान के बोरवेल के समीप लगे ट्रांसफार्मर को दर्जन भर से अधिक कबाड़ चोरों ने मौके पर पहुंचकर दो पंप ऑपरेटर जो ड्यूटी में तैनात थे उन्हें हथियार के दम पर बंधक बना लिया और ट्रांसफार्मर का पावर सप्लाई काट कर उसके अंदर का तेल बहा दिया ,इसके पश्चात बदमाश भीतर का ताम्बा निकाल ही रहे थे कि सूचना पर एस ई सी एल की पेट्रोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण मौके पर पहुंच गए , पेट्रोलिंग पार्टी को देखते ही कबाड़ चोर इधर उधर भागकर नर्सरी में जा छिपे, बताया गया कि इस दौरान एक चोर विमल कुमार रजवार को सुरक्षा कर्मियो ने पकड़कर मौके से ट्रांसफार्मर से निकाले गए ताम्बा को बरामद कर लिया।बाद में पकड़े गए आरोपी को बिश्रामपुर पुलिस को सौप दिया।इस बात से नाराज कबाडियों का सरगना पौवापारा मोहल्ला निवासी नितेश कुमार ने देर रात कम्पनी सुरक्षा अधिकारी से फोन पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।देर रात की घटना के बाद एसईसीएल के सुरक्षा अमले की टीम ने कबाड़ी के पौवापारा मोहल्ला स्थित घर पहुंचकर अवैध कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की है,बताया जाता है कि अवैध कनेक्शन काटने की सूचना पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर अवैध कनेक्शन काटने की कार्यवाही का विरोध किया है।

# मिनी ट्रक चालक ने ऑटो सवारों को मारी टक्कर, लकड़ी मिस्त्री गंभीर रूप से आहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





- अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती पश्चात रायपुर किया गया रेफर

अपने गृहग्राम से वापस लौटकर अंबिकापुर से ऑटो बुकिंग करके परिवार समेत वापस बिश्रामपुर आ रहे कारपेंटर की ऑटो को रेत लोड मिनी ट्रक चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में ऑटो सवारों को चोटें आई हैं, जिसमें कारपेंटर की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल बिश्रामपुर फोकटपारा निवासी लकड़ी मिस्त्री श्याम शर्मा अपने परिवार सहित गृहग्राम औरंगाबाद से वापस अंबिकापुर आए थे। इसके पश्चात शनिवार को सुबह तड़के अंबिकापुर से ऑटो बुकिंग करके चालक अंबिकापुर गंगापुर निवासी हिमांशु गुप्ता पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता के साथ वापस बिश्रामपुर आ रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलईकछार शशिपुर में अवैध रेत लोडकर अंबिकापुर की ओर जा रहे अज्ञात मिनी ट्रक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4887 को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो के सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि ऑटो सवार कारपेंटर श्याम शर्मा को गंभीर चोट आने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर से रायपुर रेफर कर दिया गया है।

# युवक के फांसी लगाने तथा युवती की जानलेवा हमले से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दस दिन पूर्व ग्राम सकलपुर के मोहली नवा में युवक का फांसी में लटका तो युवती की पेड़ के नीचे लाश मिलने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत युवती की हत्या करने का मामला दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट पर युवक के फांसी लगाने पर दम घुटने तो युवती की सिर में चोट लगने से मौत होने का लेख चिकित्सकों ने किया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 20 मई को ग्राम सकलपुर के मोहली नवा के कुछ ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने जाने के दौरान मोहली नवा आम पेड़ में बालेश्वर आ. दुर्गा सिंह (25 वर्ष) का शव आम पेड़ में लटका तथा पेड़ के नीचे रीता सिंह आ. हृदय सिंह की लाश देखा। ग्रामीणों ने युवक व युवती की लाश देखकर घटना की सूचना भटगांव पुलिस को दी। सूचना पर उपनिरीक्षक अश्वनी पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और और युवक व युवती की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतिका के परिजन से कथन लिया। इसी बीच पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिला जिसमें डॉक्टर द्वारा मृतक बालेश्वर उर्फ बल्ले की मृत्यु के कारण में फांसी लगाने से दम घुटने से मृत्यु होना तथा मृत्यु आत्महत्या की प्रकृति का होना लेख किया गया है। मृतिका रीता सिंह के जांच में लिए गए परिजन के कथनों, घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण एवं प्राप्त पीएम रिपोर्ट के अवलोकन पर 19-20 मई के दरम्यानी रात अज्ञात आरोपी द्वारा नन्दलाल गोंड के सब्जी बाडी के नीचे परती खेत में मृतिका के सिर में चोट पहुंचाकर हत्या करना पाए जाने से से अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

- मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतिका के परिजन से कथन लिया

# टेंडर व एग्रीमेंट के बिना कराई जा रही साप्ताहिक बाजार से अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजार ग्रामीणों के लिए आय का साधन है। जहां ग्रामीण अपनी उपज लेकर पालतू मवेशियों को बेच आय अर्जित करते है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। विकासखंड के लगभग सभी ग्राम पंचायत में एक दिन साप्ताहिक बाजार लगती है जहां आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीण क्रय व विक्रय करने पहुंचते है। साप्ताहिक बाजार में विक्रेताओं से ग्राम पंचायत द्वारा कुछ राशि ली जाती है जो ग्राम पंचायत के विकास में उपयोग के लिए होता है। साप्ताहिक बाजार से दुकानदार से वसूली के लिए बकायदा टेंडर व एग्रीमेंट होता है जिसके बाद ही दुकानदार से वसूली कर सकते है। अगर टेंडर व एग्रीमेंट नहीं हुआ है तो वह अवैध होता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत केवरा की है जहां साप्ताहिक बाजार लगती है परंतु बाजार के वसूली के लिए न तो कोई टेंडर हुआ है और न ही एग्रीमेंट इसके बावजूद सरपंच व सचिव की मनमानी रवैया से बाजार में अवैध रूप से वसूली कराया जा रहा है जिससे बाजार में आने वाले विक्रेता काफी परेशान है। प्रतापपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा भैंसा मुंडा में साप्ताहिक बाजार लगता है।

**खास बातें**
- बड़ी संख्या में बैल बेचने व खरीदने आसपास क्षेत्र साप्ताहिक बाजार में आते हैं ग्रामीण
- पशु मालिक सहित बाजार के दुकानदारों से हर सप्ताह वसूलते हैं 18 से 20 हजार रुपए




केवरा का मवेशी बाजार, इनसेट में काटे गए रसीद।

### की जाएगी कार्रवाई

साप्ताहिक बाजार केवरा में अवैध वसूली की जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। मामले में जांच कार्रवाई के लिए टीम गठित की जाएगी। जांच में अवैध वसूली पाया गया तो वसूली करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पंचायत के सरपंच व सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी कर तलब किया जाएगा।

-राधे श्याम मीर्झा
जनपद सीईओ



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

लाइफ Style



# तब्बू

## फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बड्र्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बड्र्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।




# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

टीवी मसाला



# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'



# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।




# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्परेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

*मुंबई। सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया है।*

### स्टेनली का डब्बा

'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।






### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## खबर संक्षेप

### सांकरा में पुलिस चौकी की मांग

**सरिया।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सबसे बड़े ग्राम सांकरा में पुलिस चौकी खोलने की मांग को बहुप्रतीक्षित मांग है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि सांकरा में पुलिस चौकी खोलने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उच्च अधिकारियों के दिशा मार्गदर्शन पर ही पुलिस चौकी संभव है। बता दे कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का सबसे बड़ा ग्राम सांकरा चारों ओर से उड़ीसा राज्य से घिरा हुआ है। यहां की आबादी एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस चौकी की मांग स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से लंबे समय से करते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### वित्त मंत्री ओपी ने दी सभी चार्टेड एकाउंटेंट को बधाई

**रायगढ़।** चार्टेड अकाउंट्स दिवस पर सूबे के वित्त मंत्री एवं विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने प्रदेश के सभी चार्टेड एकाउंटेंट को वित्तीय सजगता और पारदर्शिता का प्रतीक बताते हुए बधाई प्रेषित की है। सोशल मंच में बधाई संदेश साझा करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने चार्टेड एकाउंटेंट के योगदान को अमूल्य बताते हुए वित्तीय स्थिरता हेतु उनके कार्यों को अविस्मरणीय बताया। सभी चार्टेड एकाउंटेंट को राष्ट्रीय एवं आर्थिक विकास की धुरी बताते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के जरिए देश के वित्तीय और आर्थिक विकास में सीए और एकाउंटिंग पेशेवरों के अमूल्य योगदान को हम हृदय से स्वीकार करते है।

### लोकसभा स्तरीय बैठक लेने पहुंचे अनुराग सिंह

**खरसिया।** भारतीय जनता पार्टी खरसिया विधान सभा की लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक लेने पहुंचे बिलासपुर संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव लोकसभा चुनाव में खरसिया विधानसभा से 14643 व्होट से जीत की सभी नेताओं व देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाई शुभकामनाएं दिए, और आगे नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की रणनीति पर जोर देते हुए कहा कि हम सब समन्वय बनाकर पंचायत चुनाव में वार्ड पंच से लेकर जिला पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित को जिताना है और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओ से विकास की गति को बढ़ाना है जिसमें बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री महेश साहू ने किया और बैठक में संयोजक गोपाल शर्मा, कमल गर्ग, जयप्रकाश पटेल, रत्थू गुप्ता, रविन्द्र गबेल, संतोष चौहान, सतीश अग्रवाल, कन्हैया राठिया, पुरुषोत्तम पटेल, लोचन पटेल, विरेन्द्र पटेल, राजेन्द्र राठौर, मनोज राठौर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

### प्रियंका को शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान

**सारंगढ़।** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रियंका गोस्वामी को शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश साहू कलेक्टर सारंगढ़ रहे। कार्य क्रम में डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर, अनिकेत साहू एस डीएमए एसएन भगत डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के हाथों से सम्मानित किया गया। इस दिन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञान दीप पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े द्वारा शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी को अमरूद आम मीठा, नीम का पेड़ दे कर सम्मानित किया गया ।जिसे उनकी याद में वृक्ष को रोपण किया गया। वर्तमान में शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी शाप्राशा बुटीपारा में पदस्थ हैं। प्रियंका गोस्वामी को विभिन्न क्षेत्र में सम्मानित किया जा चुका है राज्य स्तर आनलाईन क्लास पढ़ई तुंहर दुवार, तत्कालीन शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यू ट्यूब आई डी में कोरोना वीर राष्ट्रीय प्रतिभा अलंकरण दिल्ली में आयोजित साहित्य शिक्षा मंथन से शिक्षा दूतए अंगना में शिक्षा 3.0 में कार्य व शैक्षणिक गतिविधि में विशेष योगदान हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर द्वारा सम्मानितएनवा जतनए अंगना में शिक्षा, बोल्टु के बोल, नवा चारी शिक्षक आदि गतिविधि करने पर ब्लाक, ज़िला, राज्य स्तर से सम्मानित किया जा चुका है।

## नवीन योजनाओं में होगा खर्च, करीब 13 करोड़ शासन के खाते में ट्रांसफर

# प्रदेश की नई सरकार ने दो दर्जन बंद योजनाओं की शेष राशि वापस मंगवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतीक मिश्रा

खास खबर

राज्य में नई सरकार बनने के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित 15 योजनाओं को बंद करने के साथ ही अन्य बंद हो चुकी योजनाओं के मद में जमा शेष राशि को वापस मांगा है। सूत्रों के अनुसार करीब दो दर्जन से अधिक बंद होने वाली योजनाओं के मद में जमा शेष करीब 13 करोड़ से अधिक की राशि शासन के खाते में जमा किए गए गए हैं।

गौरतलब है कि राज्य सहित जिले में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित ग्रामीण विकास को लेकर कई तरह की योजनाएं संचालित की थी। किंतु पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद विष्णुदेव साय की सरकार ने इन योजना पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कई योजनाओं को बंद कर दिया। जिसमें गोधन न्याय योजना, सुराजी ग्राम योजना, छत्तीसढ़िया ओलंपिक योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब सहित अन्य योजनाओं को बंद कर दिया। ऐसे बंद किए गए या पहले से बंद योजनाओं में अब भी हजारों-लाखों रूपए जमा है, जिसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में इन बंद हो चुकी योजनाओं में जमा शेष रकम को शासन ने वापस मांगा हैं, जिसके बाद एक आदेश भी जारी किया गया था। इस आदेशानुसार ऐसी योजनाओं में जमा शेष राशि को शासन के खाते में जमा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 13 करोड़ रूपए जिले की करीब दो दर्जन योजनाओं के जमा थे, जिन्हे शासन के खाते में जमा किया गया है।



### फैक्ट फाइल

| बंद योजनाएं | बंद योजनाएं |
|---|---|
| गोधन न्याय योजना | जिला नवाचार निधि |
| किसान न्याय योजना | बीआरजीएफ |
| युवा मितान क्लब | आईएपी |
| बेरोजगारी भत्ता | मुख्यमंत्री ग्राम उत्कर्ष योजना |
| छत्तीसगढ़िया ओलंपिक | छग ग्रामीण निर्माण योजना |
| ग्राम सुराजी योजना | ग्राम विकास योजना |
| 10वां वित्त आयोग | छत्तीसगढ़ गौरव योजना |
| 11वां वित्त आयोग | जनपद सशक्तिकरण योजना |
| यूरोपियन राज्य साझेदारी कार्यक्रम | पंचायत सशक्तिकरण योजना |
| राजीव गांधी पंचा. सशक्तिकरण | 12वां वित्त आयोग |
| 13वां वित्त आयोग | 14वां वित्त आयोग |

### राशि मंगाई वापस

शासन ने बंद हो चुकी योजना की सूची मांगने के साथ ही उनके शेष जमा राशि वापस मांगी है। जिसे भेजा गया है। जिले से करीब 12 करोड़ रूपए शासन के पास वापस भेजे गए हैं।

**जितेंन्द्र यादव**
सीईओ, जिला पंचायत
रायगढ़

### अन्य योजनाओं को होगा उपयोग

सूत्रों की मानें तो बंद हो चुकी योजनाओं में जमा रकम का उपयोग अन्य योजनाओं में गति लाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ नवीन योजनाओं को भी लागू करने के साथ ही जमीनी स्तर पर उसे गति देने में इन राशि का उपेयाग किया जाएगा।

### कई योजनाएं नए रूप में होगें लागू

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें कई योजनाओं को बंद करने के बाद नए रूप में लागू किया जा सकता है। हालांकि अब तक इसकी कोई रूपरेखा तैयार नहीं की गई है। किंतु नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जमीनी स्तर पर कई योजनाओं को लागू किया जा सकता है।

## बाइक चोर गिरोह को पुलिस ने गाड़ियों के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर गंभीर होकर कार्रवाई करने के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने चार चोरी की बाइक के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी युवक बाइक चोर गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। प्रेसवार्ता में सीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि थाना कोतवाली जूटमिल और साइबर सेल की टीम तैयार कर संदेही को धर दबोचा गया।

संदेही से कड़ी पूछताछ में अपने साथी घरघोड़ा के युवक ने और दो अन्य लड़कों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल और पिकअप चोरी करना बताया और गत दिनों 21 जून के दोपहर पुराना शनि मंदिर रायगढ़ के पास से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल सीजी 13 जेड 7327 को चोरी कर घर में छिपा कर रखना बताया। आरोपी अनिल मिश्रा के मेमोरेंडम पर उसके घर पर दबिश देकर चोरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 जेड 7327 की जप्ती की गई। आरोपी अनिल मिश्रा से मिली जानकारी पर आरोपी युवक के सकुनत घरघोड़ा में जाकर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दिया गया। आरोपी युवक के पास एक सीडी डीलक्स और एक अवेंजर मोटरसाइकिल मिली जिसे जप्ती की गई। आरोपी ने इसके अतिरिक्त उसके साथियों के साथ मिलकर चोरी की गई दो और मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो को घरघोड़ा निवासी नंदू चौहान को 5000 में तथा घरघोड़ा निवासी तस्लीम खान को एक हीरो एचएफ डीलक्स की बिक्री करना बताया। आरोपी युवक से मिली जानकारी पर आरोपी नंदू चौहान और तस्लीम खान के घर दबिश देकर चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद की गई है। आरोपियों द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने पर प्रकरण में धारा 411, 34 आईपीसी जोड़ा गया।

थाना कोतवाली में शनि मंदिर चोरी के अपराध में प्रार्थी राम कुमार निवासी धांगरडीपा कोतवाली के रिपोर्ट पर धारा 379, 34, 411 कायम किया गया है। मामले में गिरफ्तार चारों. आरोपी अनिल मिश्रा, तस्लीम खान उर्फ गोलू और नंदू चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सरसींवा में धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरसींवा



क्षेत्र में लंबे समय से जीवनदायिनी महानदी तट से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रेत माफियाओं के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रेत माफिया अवैध कालाबाजारी करने के लिए बिना सील लगी पर्चियों का उपयोग कर रहे हैं। इन पर्चियों पर कहीं भी ठेकेदार या कंपनी का नाम नहीं लिखा है। न ही संबंधित एजेंसी या खनिज विभाग की सील है।

इस कालाबाजारी में दिनरात रेत की ढुलाई कर लाखों रुपए की रायल्टी बचा कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। इसमें ठेकेदार, अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर इस अवैध कारोबार में संलिप्त है। जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले से अनजान बनने का नाटक करते है और कार्यवाही के नामपर केवल दिखावा किया जा रहा है। जबकि नाम न बताने की शर्त पर कुछ वाहन मालिकों ने बताया कि उनके द्वारा बकायदा खनिज विभाग के अधिकारियों को मोटा नजराना हर महीने भेंट किया जाता है जिसके बदले में वे उन्हें संरक्षण देते है और यदि उनके वाहन पकड़े भी जाये तो खाना पूर्ति कर छोड़ दिया जाता है। महानदी तट मिरौनी से रेत से भरे ओवरलोड डंपरों और ट्रालियों के ग्रामीण सड़कों से गुजरने के चलते ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। आलम यह है कि लंबे समय से क्षेत्र के जैतपुर मिरौनी तटों से रेत का अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकतर सड़कें रेत के ओवरलोडिंग के चलते लगभग.लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिन पर बारिश के समय आवागमन के लिए ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़रहा है।

## फ्लाईऐश प्रदूषण पर आदिवासी समाज का प्रदर्शन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ़ क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटना की खबरें देखने को मिल रहा है। शहर से गुजरने वाली ओवरलोड गाडिय़ों से हो रहे सड़क दुर्घटना से नाजार सर्व आदिवासी सामाज 5 जुलाई को चक्का जाम करने की लिखित चेतावनी देते हुएए इन गाड़ियों पर कार्यवाही की मांग की है।

सर्व आदिवासी सामाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिदार के लिखित आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने 28 जून को धरमजयगढ़ में यातायत पुलिस द्वारा कार्यवाही भी किया है जिसके बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाली गाडिय़ों के ना तो ओवरलोड और रफ्तार में किसी प्रकार की कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, शहर के बीचों बीच धड़ल्ले से ओवर लोड लेकर तेज रफ्तार में गाडिय़ा दौड़ रही है। प्रशासन की कार्यवाही के बाद भी फ्लाईएश परिवाहन करने वाले कंपनियों पर प्रशासन का कोई भय नहीं है जिसका कारण है कि आज भी सड़क पर मौत बनकर फ्लाईएश की ओवर लोड गाडिय़ा दौड रही है। जिससे नाराज सर्व आदिवासी सामाज 5 जुलाई को आमापाली में चक्का जाम करेंगे। सड़क दुर्घटना को रोकने स्थानीय प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी भारी वाहनों के रफ्तार में किसी प्रकार की कोई बदलाव नहीं हो रहा है। धरमजयगढ़ में चल रहे सड़क निर्माण में उपयोग में लाये जा रहे फ्लाईएश की गाडिय़ां आरटीओ के नियम कानून की धज्जियां उड़ते हुए सड़क पर दौड रही है।

## शिविर में श्रमिकों का हो रहा पंजीयन दी जा रही योजनाओं की जानकारी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत असंगठित क्षेत्र एवं निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन हेतु जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं निर्माण स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से श्रमिकों को पंजीयन एवं योजना संबंधी जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। शिविर की जानकारी पूर्व में ही संबंधित ग्राम पंचायत को दिया जाकर मुनादी कराया जाता है। निर्माण कार्य में लगे एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शिविर हेतु नियत तिथि को आवश्यक दस्तावेज यथा श्रमिक एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्डए श्रमिक का खाता विवरण पासबुक मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु लाइव फोटो एवं स्व घोषणा प्रमाण पत्र एवं असंगठित हेतु सरपंच पार्षद द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होकर पंजीयन नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करा सकते है। कोई श्रमिक शिविर में आवेदन नहीं कर पाता है तो वह अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केन्द्र या स्वयं मोबाइल पर श्रमेव जयते एप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पंजीयन उपरांत हितग्राही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना यथा मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना एवं अन्य सामग्री मूलक योजनाओं में पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकते है।

## पदोन्नति पहले हो बाद में युक्तियुक्तकरण: फेडरेशन

**जशपुरनगर।** अध्ययन एवं अध्यापन के गुणवत्ता के लिये विषय तथा कक्षा संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना हो-फेडरेशन सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे।

सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आंकडा और अधिक हो गया है। टी-संवर्ग में 2013 एवं ई-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जोकि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडल स्कूल के 5715, शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं ज़िला अध्यक्ष विनोद गुप्ता, महामंत्री संजीव शर्मा का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिए। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक व शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय,पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय,हाई स्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय,कला संकाय के 3 विषय गणित व बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है। जोकि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है। फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए। पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।



राजेश चटर्जी।

## छात्र-छात्राएं अर्जित करेंगे कौशलयुक्त और रोजगारपरक शिक्षा: डॉ. रक्षित

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय इनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 02 जुलाई को एनईपी 2020 का कार्यान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.व्हीके रक्षित ने अपने उदबोधन में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्यों, कैसे और लाभ को सम्मिलित करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नीति शिक्षा 2020 शिक्षा प्रणाली में सुधार का एक बड़ा कदम है। यह नीति छात्रों के लिए नए और अनुकूल पाठ्यचर्या, अध्ययन सामग्री और पढ़ाई की विधियों का आधुनिकीकरण करती है और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। प्राचार्य ने शिक्षकों से इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें इसमें अपना सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों को बच्चों के विकास और उनकी योग्यताओं को सुनिश्चित करने के उपायों पर ध्यान देने का संदेश दिया। अंत मे प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन प्रो.आशीष राजपाल थे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के करिकुलम फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार पूर्वक जानकी दी तथा दूसरा सत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों विशेषताओं और लाभ के साथ साथ भारतीय ज्ञान तंत्र पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने ने अपने व्याख्यान में सर्वप्रथम करिकुलम फ्रेमवर्क की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेजुएट प्रोग्राम पूर्णतया चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, लर्निंग आउटकम आधारित होगा जो विद्यार्थियों को बहुत प्रवेश और बहु निकास की सुविधा भी प्रदान करेगा।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर एवं स्टाफ।

## पेज 1 का शेष...

### प्रेमिका ने की आत्महत्या...

उम्र 24 साल निवासी गिनजई पारा चांदो, थाना चांदो जिला बलरामपुर (छग) का उक्त कृत्य धारा 306 का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे 1 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, दिलबंधन भगत, ईश्वर प्रसाद वारले, शोभनाथ सिंह, विनोद तिर्की, हेमंत कुजूर, पुनम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दास डूमर टोली ...

उन्होंने कहा की हमारे छत्तीसगढ़ के यश्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुणवता पूर्ण शिक्षा के लिए सजग हैं, साथ ही विद्यालय परिसर को हरा भरा करने हेतु वृक्षा रोपण करना अनिवार्य है। सभी संकल्प लें की हमारा जशपुर स्वच्छ और सुंदर बने। आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! साथ में राजकपूर ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के दिन विद्यालय स्टाप के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें भजिया चटनी, लड्डू, आदि विद्यार्थियों एवम अभिभावकों को परोसा गया, सभी विद्यार्थियों एवम अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय में माताओं के लिए विद्यालय में पढ़ई तिहार अर्थात अंगना मा शिक्षा प्रोग्राम के तहत माताओं का गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें सभी गतिविधि में माताओं ने उत्साह से भाग लिए। सभी माताओं के लिए आठ काउंटर का निर्माण किया गया था। इस नए सत्र में संकुल समन्वयक ने अपने संबोधन में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थी के ज्ञान का स्तर हो तथा उनके स्तर पर पढ़ने लिखने, विचार अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास हो सके इसके लिए शिक्षकों, अभिभावकों एवम विद्यार्थियों को स्व अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किए। विद्यालय के प्रधान पाठक श्रीमती फिरदौस खानम ने विद्यार्थियों को मन लगाकर उत्साह से अध्ययन करने के लिए कहा, साथ में साफ सफाई,नियमित विद्यालय आना, बड़ो का आदर करना, होमवर्क करना आदि विषयों में बच्चों को प्रोत्साहित किए। विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा एवम गणित विषय के बारे में आज के नए युग में आज के प्रतियोगिता के जमाना के अनुसार तैयार होने हेतु प्रेरित किया साथ में विद्यालय एक अतिरिक इंग्लिश स्पोकन के क्लास खुद लेकर बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता को बढ़ावा देने की बात कही और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। विद्यालय के शिक्षक अभिषेक अंबस्ट ने कहा कि हम सभी आप सभी अपना सबसे बेस्ट देने का प्रयास करेंगे और कक्षा पहली दूसरी के छात्र छात्राओं को सादरी भाषा में वार्तालाप करके उनसे कुछ जानकारी लिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला देवी ने सभी बच्चों से कहा बेस पढ़बा होले नौकरी मिली ओर बड़का बड़का आफिसर बनबा, मोर आशीर्वाद हके। इनके आशीर्वचन से सबके चेहरे पर मुस्कुराहट दृष्टिगोचर हो रही थी। गांव के अभिभावक भी बहुत प्रसन्न थे। विद्यालय प्रवेश उत्सव के इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार ने किया और आभार व्यक्त प्रधानपाठिका श्रीमती फिरदोश खानम के द्वारा किया गया। इस गरिमामयी अवसर को यादगार बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, आंगनबाड़ी एवं विद्यालय के टीचिंग और सभी नॉन टीचिंग स्टाफ, एवम अभिभावकों का अमूल्य सहयोग रहा।

### बिक रही महुआ शराब

**कटेली।** सारंगढ़ से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत कटेली, कोतमरा, हलरपाली सहित आसपास के गांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है। पुलिस विभाग लगातार धर पकड़ कर कार्यवाही कर रही है फिर भी अवैध शराब की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रहा हैं ।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444